# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

**e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com**

## विज्ञापन संख्या–20/2016
## स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा– 2016

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–8790 (अनु0) दिनांक–07.010. 2016 के द्वारा अग्रसारित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग के पत्रांक–1307 दिनांक–01.07.2016 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में **स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2016** के लिये **ऑन–लाईन (Online)** आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अर्हता अनुसार निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते है। ऑन–लाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट– **www.jssc.in** पर लॉगईन करके समर्पित किया जा सकता है।

2. **रिक्तियों का विवरण :– (I) सीधी भर्त्ती**

| क्रम सं0 | विभाग का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल रिक्ति | कुल रिक्ति के अधीन क्षैतिज आरक्षण | | | |
| | | | | | महिला | कम दृष्टि | मूक बधिर | शारीरिक विकलांग एवं सेरेब्रल पालसी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक,रसायन शास्त्र | 1.अनारक्षित/सामान्य | 43 | 04 | 01 | 01 | 01 |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 22 | | | | |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 09 | | | | |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 07 | | | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 05 | | | | |
| | | | **योग :–** | **86** | **04** | **01** | **01** | **01** |
| 2 | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, भौतिक शास्त्र | 1 अनारक्षित/सामान्य | 43 | 04 | 01 | 01 | 01 |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 22 | | | | |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 09 | | | | |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 07 | | | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 05 | | | | |
| | | | **योग :–** | **86** | **04** | **01** | **01** | **01** |
| 3. | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, इतिहास | 1 अनारक्षित/सामान्य | 43 | 04 | 01 | 01 | 01 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विभाग | | | | | | | |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 22 | | | | |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 09 | | | | |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 07 | | | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 05 | | | | |
| | | | **योग :–** | **86** | **04** | **01** | **01** | **01** |
| | | | **सकल योग :–** | **258** | **12** | **03** | **03** | **03** |

**(II) झारखण्ड सरकार के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के अर्हत्ता प्राप्त 03 वर्षों का अनुभव रखने वाले शिक्षकों की स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति**

| क्रम सं0 | विभाग का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल रिक्ति | कुल रिक्ति के अधीन क्षैतिज आरक्षण | | | |
| | | | | | महिला | कम दृष्टि | मूक बधिर | शारीरिक विकलांग एवं सेरेब्रल पालसी |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** |
| 1 | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक,रसायन शास्त्र | 1.अनारक्षित/सामान्य | 43 | 04 | 01 | 01 | 01 |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 22 | | | | |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 08 | | | | |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 07 | | | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 05 | | | | |
| | | | **योग :–** | **85** | **04** | **01** | **01** | **01** |
| 2 | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, भौतिक शास्त्र | 1 अनारक्षित/सामान्य | 43 | 04 | 01 | 01 | 01 |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 22 | | | | |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 08 | | | | |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 07 | | | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 05 | | | | |
| | | | **योग :–** | **85** | **04** | **01** | **01** | **01** |
| **3.** | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, इतिहास | 1 अनारक्षित/सामान्य | 43 | 04 | 01 | 01 | 01 |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 22 | | | | |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 08 | | | | |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 07 | | | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 05 | | | | |
| | | | **योग :–** | **85** | **04** | **01** | **01** | **01** |
| | | | **सकल योग :–** | **255** | **12** | **03** | **03** | **03** |

3. **सीधी भर्त्ती एवं झारखण्ड सरकार के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के अर्हता प्राप्त शिक्षकों से भरी जाने वाली** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों की रिक्तियॉ एक ही परीक्षा के माध्यम से भरी जायेंगी। **तत्संबंधी विकल्प आवेदन पत्र में उपलब्ध रहेगा तथा सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के अर्हत्ता प्राप्त शिक्षक विवरणिका की कंडिका– 7 एवं 8 में विहित शर्त्तों के अध्यधीन** दोंनो ही माध्यमों से नियुक्ति हेतु आवेदन कर सकेंगे और इस आशय का विकल्प ऑन लाईन आवेदन भरने में उपलब्ध रहेगा। दोनों ही माध्यमों से भर्त्ती हेतु आवेदन करने की स्थिति में एक ही परीक्षा शुल्क देय होगा। यदि कोई अभ्यर्थी सिर्फ एक माध्यम से नियुक्ति हेतु आवेदन देते है वैसी स्थिति में भी उन्हें एक परीक्षा शुल्क देना होगा।

4. कंडिका– 2 में वर्णित पदों का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, रसायन शास्त्र | वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन– रू0 4800 | **(I) विहित शैक्षणिक योग्यताः–** ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि को राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय, जिसमें नियुक्ति होनी है, में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री होगी परन्तु अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री होगी।<br>**(II) विहित तकनीकि योग्यताः –** मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी0एड अथवा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा बी0एड0 के समकक्ष घोषित डिग्री परन्तु वैसे अभ्यर्थी जो शिक्षक प्रशिक्षण पूरा कर लिये हों तथा प्रशिक्षण की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हैं, को शिक्षक नियुक्ति हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरने की अनुमति दी जायेगी परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण का परीक्षाफल झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति की परीक्षाफल के प्रकाशन की तिथि के पूर्व आयोग अथवा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा तक समर्पित करना आवश्यक होगा। तत्पश्चात आयोग द्वारा उसकी अनुशंसा विभाग को उपलब्ध कराई जा सकेगी। |
| 2 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, भौतिक शास्त्र | वेतन बैंड पी0बी0I– रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन– रू0 4800 | |
| 3. | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, इतिहास | वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन–रू0 4800 | |

**5. पद के लिए विकल्पः–** अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में स्नातकोत्तर परीक्षा में उतीर्णता के विषय एवं अन्य अर्हत्ता के अनुसार पद का विकल्प दिया जाना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में दिया गया विकल्प अंतिम होगा तथा इसमें संशोधन मान्य नहीं होगा।

6. शैक्षणिक योग्यता के निर्धारण के लिए **online** आवेदन देने की अंतिम तिथि को आधार तिथि (**Reference Date**) माना जायेगा।

7. **अनुभव :–** सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए 03 वर्षों का शैक्षणिक कार्यानुभव परन्तु, **वैसे शिक्षक आवेदन देने के पात्र नहीं होगें जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अथवा आपराधिक कार्यवाही लंम्बित हो या जिनके विरुद्ध संसूचित शास्ति प्रभावी हो। अनुभव एवं अन्य स्वच्छता संबंधी प्रमाण पत्र विद्यालय के प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा एवं इस प्रमाण पत्र की संख्या, तिथि तथा निर्गत करने वाले प्राधिकार की प्रविष्ट आवेदन पत्र में विहित स्थान पर संबंधित शिक्षक अभ्यर्थियों द्वारा की जायेगी।**

8. **आयु सीमा:– उम्र की गणना दिनांक– 01.01.2016 के आधार पर की जायेगी।**

**न्यूनतम उम्र – 21 वर्ष ।**
**अधिकतम उम्र :–**

**(क) अनारक्षित/सामान्य– 40 वर्ष।**
**(ख) महिला (अनारक्षित, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 2)– 43 वर्ष।**
**(ग) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2)– 42 वर्ष।**
**(घ) अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला)– 45 वर्ष**
**(ड़) सभी कोटि के दिव्यांग (निःशक्त) अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 05 (पॉच) वर्षों की छूट दी जायेगी।**

9. **आरक्षण:–**

**(I)** आवेदन में नियत प्रविष्टि के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

**(II)** आरक्षण का लाभ केवल झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी को ही देय होगा। झारखण्ड राज्य के बाहर के सभी उम्मीदवार अनारक्षित/सामान्य वर्ग के माने जायेंगे।

**(III)** झारखण्ड सरकार द्वारा लागू आरक्षण सम्बन्धी सभी नियम प्रभावी होंगे जिन्हें विवरणिका की कंडिका – 9 में देखा जा सकता है।

10. **स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र** :– झारखण्ड राज्य के महिला स्थानीय निवासियों के द्वारा क्षैतिज आरक्षण के दावे के समर्थन में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्र सं०–4650, दिनांक 02.06.2016 द्वारा विहित प्रपत्र में अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से दिनांक–02.06.2016 अथवा इसके उपरांत जारी स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र आयोग द्वारा प्रमाण पत्रों की जाँच के अवसर पर समर्पित करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्र की प्रविष्टि आवेदन पत्र में संबंधित आवेदकों द्वारा की जायेगी। प्रमाण पत्र का मानक प्रारूप परिशिष्ट - III के रूप में विवरणिका में संलग्न है।

11. **आवेदन पत्र समर्पित करने की अवधि–** आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर जाएँ एवं Online Application for **PGTTCE-2016** पर Click करें तथा आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र भरने के क्रम में नियुक्ति हेतु पद का विकल्प अपनी शैक्षणिक योग्यतानुसार देना

आवश्यक होगा। आवेदन पत्र का लिंक दिनांक 01.12.2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न से उपलब्ध होगा तथा आवेदन को भेजने (Submit) करने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.12.2016 संध्या 5.00 बजे तक है। इस अवधि के बाद ऑन–लाईन आवेदन का लिंक बंद कर दिया जायेगा। **आवदेकों को सूचित किया जाता है कि आवेदन Submit करने के पूर्व भरे गये आवेदन को ठीक से देख लें। यदि कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर ही आवेदन Submit करें। एक बार आवेदन Submit करने के पश्चात् वैसी कोई भी प्रविष्टियाँ, जो परीक्षाफल को प्रभावित करती है, में कोई बदलाव/सुधार का दावा मान्य नहीं किया जायेगा।**

12. **परीक्षा का स्वरूप एवं विस्तृत पाठ्यक्रम कृपया विवणिका की कंडिका–14 में देखें।**

13. परीक्षा शुल्कः–

13.1 परीक्षा शुल्क रू0 500 (पांच सौ रूपये) है।

**13.2 परीक्षा शुल्क में छूटः–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू0 125 (एक सौ पच्चीस रूपये) है रियायती शुल्क पर झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि के अभ्यर्थी ही online आवेदन पत्र भर सकते हैं। इससे भिन्न कोटि के अभ्यर्थी अथवा झारखण्ड राज्य से बाहर के निवासी अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थी को रियायती शुल्क पर आवेदन देना अनुमान्य नहीं है। ऐसे कोई अभ्यर्थी यदि रियायती शुल्क भुगतान कर आवेदन पत्र समर्पित करते हैं तो उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। परीक्षा शुल्क भुगतान किये बिना आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे तथा परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non refundable) है। परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। विस्तृत सूचना विवरणिका में अंकित है।

परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए www.onlinesbi.com पर जाकर State Bank Collect Click करें। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें terms & Conditions को टिक (√ ) कर Proceed बटन दबा कर आगे बढ़े। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें State of Corporate/Institution के सामने Jharkand Select करें तथा Type of Corporate/Institution के सामने Govt. Department Select करें तथा Go बटन दबा कर अगला पेज खोलें जिसमें Govt. Department Name के विरूद्ध Jharkhand Staff Selection Commission Select कर submit बटन दबा दें। इसके बाद Select Payment Category के सामने Post Graduate Trained Teacher Competitibve Exam-2016 Select करें तथा अपना Registration Number डालकर अपना परीक्षा शुल्क का भुगतान करें।

14. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन भरने के पूर्व आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर उपलब्ध इस परीक्षा की विवरणिका को अवश्य देख लें।

परीक्षा नियंत्रक।